MOTIONS *RE*

I. THE REPORT OF THE EDUCATION COMMISSION (1964—66)

II. THE REPORT (1967) OF COMMITTEE OF MEMBERS OF PARLIAMENT ON EDUCATION—*contd.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: May I request that all Members will keep themselves within the time limit of ten minutes so that the Minister can reply at 2.30? There is no lunch hour today. Prof. Siddhantalankar.

प्रोफेसर रत्नव्रत सिद्धन्तालंकार (नामनिर्देशित) : उपसभापति महोदया, यह देश का दुर्भाग्य है कि आज 20 वर्ष के बाद, इसके बावजूद कि हम एक दूसरे के निकट थे, हम एक दूसरे से दूर होते चले जा रहे हैं। आज भाषा के सम्बन्ध में जो विवाद उठ खडा हुआ है वह इस बात का सूचक है कि हम एक दूसरे के निकट नहीं आ रहे, दिनोंदिनों एक दूसरे से दूर होते चले जा रहे हैं। जब तक अंग्रेजी भारतवर्ष के अंदर रही, अंग्रेजी ने तो शायद हमें एक बनाने का प्रयत्न किया और मैकाले ने शायद बहुत अच्छा किया जब उसने यह घोषित किया और इस देश के अंदर अंग्रेजी भाषा को उसने लादा। लेकिन हमने अपने ऊपर अंग्रेजी लदवा ली और लदवाने का परिणाम यह अवश्य हुआ कि यह देश छिन्नभिन्न होने के बजाय एक हुआ। परन्तु प्रश्न यह है कि क्या वर्तमान परिस्थिति में और जैसी अवस्थाए इतिहास ने उत्पन्न कर दी है उसमें इस देश को एक करने वाली यह अंग्रेजी भाषा टिक सकती है या नहीं टिक सकती है। अगर यह टिक सके तब तो दूसरी बात हैं। लेकिन 1964 में इस देश के अंदर 46 करोड़ 85 लाख व्यक्ति थे और इस देश के अंदर एक करोड़ व्यक्ति प्रतिवर्ष बढ़ रहे है। आज लगभग 50 करोड़ व्यक्ति जो इस देश के अंदर हो गये हैं उन 50 करोड़ व्यक्तियों में से कुल 2 प्रतिशत व्यक्ति ऐसे हैं जिन्होंने माध्यमिक शिक्षा ली है या उच्च शिक्षा ली है। सो 2 प्रतिशत ऐसे हैं जो कि अंग्रेजी का ज्ञान रखते हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह दो प्रतिशत व्यक्ति भारतवर्ष के प्रतिनिधि हैं और क्या इन दो प्रतिशत व्यक्तियों के आधार पर हम इस देश को एक कर सकते हैं? समुद्र में से बूंद उठी और उसने कहा कि मैं समुद्र हू समुद्र का और बूंद का झगड़ा हैं। क्या समुद्र समुद्र है या बूंद समुद्र है? यह दो प्रतिशत व्यक्ति जो समुद्र के अंदर बूंद के समान है ने आ टिक नही सकते, हम कितना ही प्रयत्न करें, कितनी ही कोशिश करें क्योंकि इतिहास का वेग ऐसा बढ़ता चला आ रहा है कि हमारे किये भी अब अंग्रेजी टिक नही सकती। इसमें शक नही कि अंग्रेजी ने देश को एक नाया लेकिन इसमें भी शक नहीं है कि इस समय जो भी परिस्थितियां उत्पन्न हो गई है उन परिस्थितियो में अंग्रेजी टिकने वाली नहीं है चाहे कितना ही प्रयत्न किया जाय, चाहे सारा मद्रास उठ खड़ा हो, चाहे सारा बंगाल उठ खड़ा हो। जो वस्तुस्थिति है उससे आख मूंद नहीं सकते और अगर ऐसी बात है तो हमारे सामने रास्ता क्या रह जाता है? रास्ता सिर्फ वह रह जाता हैं जो कि आपके सामने शिक्षा मंत्री ने रखा। शिक्षा मंत्री ने यह रास्ता रखा है कि देश के अंदर जितनी भाषाए हैं, उन सब को खुली छूट दे दो। ठीक ऐसा ही रास्ता कि जैसे यहां पर जितने व्यक्ति हैं वे बोलने के लिये उठ खड़े हो जाय तो सभापति जी के हाथ में कुछ नही रहता और वे बोलते ही चले जायेंगे। यह जो रास्ता शिक्षा मंत्री ने रखा है यह एक लाचारी का रास्ता है। इस रास्ते का नतीजा यह होगा कि आज तो अंग्रेजी के कारण देश के अन्दर एकता दिखलाई देती है लेकिन क्षेत्रीय भाषाओं के हो जाने से और उनको स्वीकार करने का परिणाम यह होगा कि सारा देश खंड खंड हो जायेगा। मद्रास में तामिल पढ़ाई जायेगी, बंगाल में बंगाली पढ़ाई जायेगी और इस तरह से 14 भाषाए अलग अलग प्रदेशों में पढ़ाई जायेंगी। इसका नतीजा

यह होगा कि जब 14 भाषाई लोग इक्ट्ठा होकर बैठेंगे तो वे लोग एक दूसरे को नहीं समझ सकेंगे। तो मैं सिर्फ आप से यह कहना चाहता हूं कि आज हमारे जो शिक्षा मंत्री जी हैं उन्होंने देश को एकता के रास्ते पर नहीं डाला है उन्होंने देश को खंडता के रास्ते पर डाला है। आज 100 साल बाद भी, जिस मैकाले के बाद आज हम यहां पर बैठे हैं अंग्रेजी में एक दूसरे की बातों को समझते हैं। ये 14 भाषाएं टिक नहीं सकती हैं। इसका परिणाम यह होगा कि उनके अन्दर संघर्ष होगा और जो बलवती भाषा होगी वह अपने आप ऊपर आ जायेगी तथा राष्ट्रीय भाषा का स्थान ग्रहण करेगी। मैं यह नहीं कहता हूं कि वह कौन सी भाषा आयेगी। अगर हिन्दी के अन्दर बल होगा समर्थता होगी तो हिन्दी के अन्दर ऐसे लेखक उत्पन्न हो जायेंगे जो हिन्दी को आगे बढ़ा सकेंगे और हिन्दी की तरक्की तथा उसको उन्नत कर सकेंगे। अगर हिन्दी के अन्दर समर्थता नहीं होगी तो वह ऊपर नहीं उठ सकेगी क्योंकि भाषा विचारकों से ही उत्पन्न होती है। शेक्सपीयर ने अंग्रेजी को बनाया। अंग्रेजी ऐसे ही उत्पन्न नहीं हो गई। प्रत्येक भाषा के अन्दर इस तरह की शक्ति होती है और उस शक्ति को उसके लेखक अपने विचारों से जनता के सामने रखते हैं। अगर हिन्दी के अन्दर बल होगा तो वह राष्ट्र भाषा का रूप ग्रहण करेगी अगर बंगला भाषा में समर्थता होगी तो वह राष्ट्र भाषा का स्थान ग्रहण करेगी। लेकिन आज जिस तरह अंग्रेजी सारे देश को एक करने वाली है 100 साल के बाद भी एक ऐसी भाषा हमारे सामने जरूर आ जायेगी। जो कि सारे देश को एक करने वाली होगी। उस समय हमारे यहां से शिक्षा मंत्री नहीं होंगे दूसरे शिक्षा मंत्री होंगे। एक ऐसे शिक्षा मंत्री होंगे जो कि सारे देश को एक करने के लिए एक भाषा बनायेंगे। उस समय 100 साल के बाद क्या अवस्था होगी ? जो हमारे यहां कुर्सी पर इस समय सभानेत्री जी बैठी है उनकी जगह पर अगर कोई सभानेत्री होंगी तो वे बैठेंगी और अगर सभापति जी होंगे तो वे बैठेंगे। वे उस समय अंग्रेजी में नहीं बोलेंगे वे उस भाषा में बोलेंगे जो मेरे ख्याल में हिन्दी भाषा होगी। लेकिन अगर आपकी कोई दूसरी भाषा होगी तो भारतवर्ष की कोई राष्ट्रीय भाषा जरूर होगी क्योंकि यह राष्ट्र स्वतन्त्र हुआ है वैसे ही खेल से स्वतंत्र नहीं हुआ है। इस देश के अन्दर एकता आने वाली है और जो हम लोग यहां पर बैठे हैं उनकी जगहों पर इसी सभा भवन के अन्दर जो उस समय पार्लियामेंट के सदस्य होंगे वे यहां पर बैठेंगे और गैलरीज में हमारी आत्मा बैठी होंगी। यहां पर उस समय जो व्यक्ति होगा वह हिन्दी में भाषण करेगा। वह कह रहा होगा कि हमारे पूर्वज किस तरह से पहले यहां पर अंग्रेजी में बोलते थे जो कि अब चले गये है। वे लोग अंग्रेजों के कोट पतलून पहनते थे और उन्हीं की भाषा में बोलते थे। इस तरह की तसवीर वे लोग हमारी खीचेंगे। इस प्रकार का वह दृश्य होगा।

तो मैं यह कहना चाहता हूं कि आज हमारे शिक्षा मंत्री जी ने जो स्थिति रखी है उसका परिणाम यह होने वाला है कि देश के अन्दर घमासान मच जायेगा ऐसा घमासान मचेगा, ऐसा संघर्ष मचेगा कि जो भाषा सब से बलवती होगी वही राष्ट्रभाषा के रूप में निकलेगी। इस तरह से हमारी भाषाओं में संघर्ष की स्थिति पैदा कर दी गई है और इस संघर्ष में जो भी भाषा निकलेगी चाहे वह कोई भी भाषा हो वह भारतवर्ष को एक सूत्र में जोडेगी और इसके वगैर भारतवर्ष तरक्की नहीं कर सकता है।

श्री लोकनाथ मिश्र (उड़ीसा) : ऐसी भाषा संस्कृत को बना दीजिये।

प्रो० सत्यव्रत सिद्धांतालंकार : संस्कृत को बनाइये या किसी भाषा को बनाइये, मैं किसी भाषा का यहां पर नाम नहीं लेना चाहता हूं। मेरा कहना तो सिर्फ यह है कि राष्ट्र एक होकर रहेगा और इस तरह से 14 भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करके हम इस संसद में एक

[श्री सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार]

दूसरे की बात नहीं समझ सकते हैं। (*Interruptions*) यहां पर अगर मैकाले की आत्मा होती तो जिस तरह से उसने अंग्रेजी भाषा को यहां दिया था वहां पर वह हिन्दी भाषा को भी आज के युग को देख कर इस देश को देता।

आप कहते है कि इससे हिन्दी वालो को लाभ होगा। एक तरफ तो देश का प्रश्न है और दूसरी तरफ आप छोटी छोटी लाभ की बात करते है। क्या आप राष्ट्र के लिए छोटी छोटी बातो को नही छोड सकते है ? अगर आप छोटे छोटे लाभ की बाते कहते हैं तो मैं यह निवेदन करना चाहता हू मद्रासी जो अच्छी अंग्रेजी बोलता है अगर उसको यह मालूम हो जाय कि हिन्दी के ज्ञान से नौकरी मिलती है तो वह हम सब लोगो से अच्छी हिन्दी बोलने लगेगा क्योंकि उनके अन्दर भाषा बोलने की समर्थता है उनके अन्दर एक शक्ति है। इस तरह से भाषा अपने आप शक्ति ग्रहण करती है।

(*Interruptions*)

श्री लोकनाथ मिश्र : आपने इसके बारे मे कोई सल्यूशन नही दिया।

प्रो० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार : मैं इसके बारे मे इस समय कुछ नहीं कहना चाहता हू क्योंकि आपका दिमाग इस समय गरम है। मै अब पास पड़ोस की पाठशाला के सबध मे कुछ कहना चाहता हू। सब से पहले यह शब्द, जैसा कि आपने पब्लिक स्कूल का शब्द योरूप से लिया है, शायद यह नेबरहुड शब्द भी आप योरूप से ले आये है।

एक माननीय सदस्य : रूस से आया है।

प्रो० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार : कैसे यह नेबरहुड स्कूल का शब्द आप लाये हैं, मै नही कह सकता हू कि आप रूस से लाये। अगर आप वहा से लाये तो बहुत अच्छा है। जिस तरह से पब्लिक स्कूल शब्द बाहर से ले आये है, वैसे ही नेबरहुड स्कूल भी बाहर से लाये है। (*Interruptions*) आपको चाहे चीन से मिला, रशिया से मिला, इग्लैंड से मिला या वहा और से मिला। लेकिन मेरा कहना यह है कि आपने यहा की चीज क्यो नहीं ली ? भारत वर्ष के अन्दर अपना सस्कृति थी, भारतवर्ष के अन्दर अपनी शिक्षा व्यवस्था था। मै आपको बतलाना चाहता हू कि यहा पर पहले गुरूकुल प्रणाली व्यवस्था थी गुरूकुल शब्द मे एक आदर्श है। नेबरहुड का मतलब, शायद आप पास पडोस के स्कूल से लगाना चाहते है परन्तु इसमे कहा पर आदर्श है पास पड़ोस मे कही कोई आदर्श की बात नही आती है। गोल्फ लिंक मे पास पडोस की बात कैसे होगी ? जो लोग झोपडियो मे रहते है क्या वे पास पडोस के पब्लिक स्कूलो मे गोल्फ लिंक के बच्चो के साथ पढेंगे ? क्या इस तरह से एकता उनमे होगी ? इस तरह से तो भिन्नता ही पैदा होगी। एक लडका, अमीरो की तरह जायेगा और एक लडका गरीबी की हालत मे जायेगा। आपने इस समय जो व्यवस्था कायम की हुई है, उसके अन्दर समाजवाद आने वाला नही है क्योंकि समाजवाद तब ही आ आ सकता है जबकि सारा देश समाजवाद के अन्दर रग जाय। जहा पर महल है, जहा पर बडे बडा दो लाख का कोठिया है, वहा पर नेबरहुड कैसे होगा ? जहा पर झोपडिया है, वहा पर नेबरहुड के स्कूल कैसे होंगे ? आपके यहा इतनी भाषाये है, आप सबके अन्दर समानता पहले लाइये। जब आप इस बात पर समानता नही ला सकते है, तो फिर नेबरहुड के अन्दर किस तरह से समानता ला सकते है क्योंकि वहा पर कोई वर्मा होगा, कोई अरोडा होगा, कोई शर्मा होगा, कोई कपूर होगा।

एक **माननीय सदस्य** : अकबर अली-खान साहब भी होंगे ।

प्रो० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार : तो हमारे अन्दर जो जाति व्यवस्था का भेद-भाव है, वह इतना घर कर गया है कि आप उन भेदों से ऊपर नहीं उठ सकते हैं । जो आप के बच्चे इन स्कूलों के अन्दर जायेंगे, उनके अंदर समाजवाद कहां से आयेगा क्योंकि वहां पर कोई बच्चा अरोड़ा होगा, दूसरा बच्चा कपूर होगा, तीसरा गुप्ता होगा और घोष साहब होंगे जो अपने को कम्युनिस्ट कहते हैं । कैसे कहते हैं ये अपने को घोष, क्योंकि वे तो किसी जाति को नहीं मानते हैं, किसी धर्म को नहीं मानते हैं और न हीं किसी चीज को मानते हैं । वे अपने को घोष जरूर घोषित करते हैं । अगर आप समाजवादी व्यवस्था लाना चाहते हैं, तो आपको यह नियम बनाना होगा कि इन पाठशालाओं के अन्दर वे ही आयें जो कि जात पात पर विश्वास नहीं करते हैं । कल गंगा बाबू ने कहा था कि इन स्कूलों में बच्चे जो हैं वे पैदल भी आयेंगे और मोटरों में नहीं आयेंगे । मैं तो समझता हूं कि जो अमीर हैं वे बच्चे तो मोटरों में आयेंगे और जो गरीब बच्चे हैं वे बेचारे पैदल आयेंगे । अगर आप इनसे मोटर छीन लेते हैं तो दूसरी बात है । लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसा व्यवस्था क्या जिसमें इन स्कूलों द्वारा समाजवाद उत्पन्न न हो । मैं आप से कहना चाहता हूं कि भारतवर्ष में गुरूकुल की व्यवस्था थी । गुरूकुल का यह मतलब नहीं है कि वहां पर लोगों का सन्यासी बनाया जाय । प्राचीन काल में जो गुरूकुल थे उनमें गरीब और अमीर दोनों के बच्चे पढ़ते थे । लेकिन गुरूकुल में जाकर उनको पता नहीं होता था कि यह किस जाति का और वह किस जाति का है । वहां पर ऊंचे से ऊंचे और नीचे से नीचे घराने के बच्चे पढ़ते थे और सब एक तरह से रहते थे । इस प्रकार का उन गुरूकुलों में व्यवस्था थी । उसका कुछ झलक कहीं कहीं पर आज भी दिखलाई देता है । आप जो नेबरहुड स्कूल खोलना चाहते हैं उनको आप खोलें, मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है । लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इसके साथ ही साथ आपको गुरूकुल भी खोलने चाहियें और इन गुरूकुलों को एक आदर्श रूप देना चाहिये जिससे उनको देखकर जितनी भी दूसरी संस्थायें हैं, वे अपना आदर्श कायम कर सकें । इन गुरूकुलों के अन्दर जो शिक्षा व्यवस्था है, उसके बारे में विनोबा भावे जी ने कहा है कि इनमें स्प्रिचुअलिटी और साइन्स, दोनों तरह का वातावरण है ।

इस प्रकार के गुरूकुलों की स्थापना आप करेंगे तब तो आप शिक्षा के अन्दर एक नया कदम उठायेंगे । शिक्षा आयोग ने कहा कि शिक्षा के अन्दर एक रेवोल्यूशन होना चाहिये । क्या रेवोल्यूशन होना चाहिये । क्या यही क्रांति आपने उत्पन्न की कि नेबरहुड स्कूल खोल दिये । क्रांति तो तब होगी जब आप विचारों के अन्दर क्रांति करने वाले व्यक्ति उत्पन्न करें ।

दूसरी बात मैं एक छोटी सी कह कर के अपना भाषण समाप्त कर दूंगा । आपने यह कहा कि हम संस्कृति के अन्दर बच्चों को पालना चाहते हैं । लेकिन संस्कृति के लिये आप कर क्या रहे हैं ? अभी एक सांस्कृतिक मिशन जा रहा है रूसके अन्दर । कौन लोग हैं उस सांस्कृतिक मिशन के अन्दर । नाचने गाने वाले । यह मैं एक मोटी बात कहता हूं कि वे बड़ी ऊंची तरह से नाचते होंगे बड़ा ऊंचा गाते होंगे । *(Interruptions)*

श्री अर्जुन अरोड़ा (उत्तर प्रदेश) : वह गवर्नमेंट ने नहीं भेजा है ।

प्रो० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार : गवर्नमेंट भी जो भेजती है वह ऐसे ही भेजती है । गवर्नमेंट इस प्रकार के मिशन नहीं भेजती जो कि वहां जाकर के यहां की सभ्यता और संस्कृति बतला सकें । अभी मेरे पास एक रशियन बुलेटिन आया है उसमें लेनिन ने बतलाया है कि कल्चर क्या है । हम क्या कल्चर भेज रहे हैं ? नाचने गाने वाली । रशियन कहते हैं कि कल्चर, संस्कृति उच्च विचारों का नाम है । क्या अब भारत के पास कोई ऐसे उच्च विचार नहीं हैं जिन विचारों को लेकर के आप योरूप के अन्दर जाकर के बतला सकें कि यह है भारतीय संस्कृति । मैं आपसे यह कहूंगा कि यदि संस्कृति के विषय में आप कुछ भी कर रहे हैं तो ऐसे व्यक्तियों को आपको विदेशों में भेजना चाहिये जो भारत की विचार धारा को वहां पर दे सकें और उनको समझा सकें कि हमारी गीता के अन्दर क्या लिखा है उपनिषदों में क्या लिखा है ।

अन्त में मैं एक छोटी सी बात कह कर के समाप्त करूंगा । रिसर्च के विषय में आपने बड़ी बातें कहीं । लेकिन रिसर्च के लिये अगर भारतीय रिसर्च कोई हो सकती है तो वह संस्कृत के आधार पर हो सकती है । संस्कृत के लिये एक डिक्शनरी शिक्षा मंत्रालय को प्रकाशित करनी चाहिये और वह डिक्शनरी ऐसी होनी चाहिये जो कि संस्कृत ओरिएंटेड डिक्शनरी हो । आप जानते हैं कि जो अंग्रेजी भाषा है वह लैटिन और ग्रीक भाषाओं से निकली है और जितनी बड़ी बड़ी डिक्शनरियां हैं उनके अन्दर ग्रीक और लैटिन के जो डेरीवेटिव्ज हैं, रूट हैं वे दिये हुये हैं और उन रूट्स को आप संस्कृत के अन्दर भी परिणित कर सकते हैं । उदाहरण के लिये (involve) है 'Devolve' है 'Revolve' है 'Evolve' है । इनके अन्दर 'Volv root है । 'Volv' का मतलब है 'to turn' संस्कृत के अन्दर "वल्व" संवरण धातु है और इसका मतलब यही है । तो जितने शब्द हैं वे वल्व संवरण से निकल सकते हैं । इसलिये आप ऐसी एक डिक्शनरी तैयार कीजिये जिस में संस्कृत का जो रूट है वह आप दें सकें । इसी प्रकार 'Revive' है 'Survive' है । "जीव" शब्द संस्कृत का है । जीव" 'दिवा' दोनों एक शब्द हैं हैं जिस में से यह Revive और Svrvive इत्यादि शब्द निकले हैं ।

श्री महेश्वर नाथ कौल (नाम निर्देशित): ऐसी डिक्शनरी है नहीं ?

प्रो० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार : ऐसी डिक्शनरी कोई नहीं है । ':Juvenile' युवा शब्द से बना है । इसी तरह से 'Rejuvenation' है । ये जितने शब्द हैं वे संस्कृत के आधार पर बने हैं । अगर आप डिक्शनरी उठा करके देखें तो आप को कम से कम 90 प्रतिशत ऐसे शब्द मिलेंगे जिन का आधार संस्कृत है । तो एक ऐसी डिक्शनरी शिक्षा मंत्रालय को तैयार करनी चाहिये जो कि संस्कृत ओरिएटेड हो । मैंने पिछले दिनों इस बात पर ध्यान दिलवाया था और इतना ही नहीं मैंने शिक्षा मंत्रालय को गुरुकुल की तरफ से एक प्रस्ताव भेजा था कि इस प्रकार की डिक्शनरी बननी चाहिये । श्री चागला ने कहा था कि हां मेरे पास प्रस्ताव भेजिये तो मैं कुछ करूंगा । लेकिन जैसा कि मैंने कहा कि बहुत सी बातें कही जाती हैं लेकिन की नहीं जाती हैं । अगर आप इन बातों को करेंगे तो अपने देश की विचारधारा को आप उन्नत कर सकगे ।

अपना भाषण समाप्त करते हुये मैं सिर्फ एक ही बात कहना चाहता हूं कि जितने परिवर्तन हों उन परिवर्तनों से देश

उन्नति करे और पीछे की तरफ न जाय सा कि टेनिसन ने कहा है :

"The old order changeth yielding place to new,

And God fulfils Himself in many ways,

Lest one good custom should corrupt the world."

पूराणमित्येव न साधु सर्वम
न चापि नूनं नवमित्यवद्यम् ।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरत् भजन्ते,
मूढ़ पर प्रत्ययनेय बुद्धिः ॥

जो पुरानी बातें हैं सिर्फ उन्हीं से आप न चिपके रहिये कि अंग्रेजी हो, अंग्रेजी हो, अंग्रेजी के बगैर हम जी नहीं सकते । यह पुरानी बात हो गई है । अब आप नई बातों की तरफ आइये । अगर आप को भाषा बदलनी पड़े तो भाषा को बदलिये । अगर आप इन स्कूल कालेजों को बदल कर गरूकुल बनाना चाहें तो उनको बनाइये लेकिन आगें बढ़िये और जो पुरानी बातें हैं उनसे चिपके रह कर अपनी संस्कृति को नष्ट मत करिये ।

SHRI GHULAM NABI UNTOO (Jammu and Kashmir): Madam Deputy Chairman, much has been said in this House about one aspect of the education, that is, the language. Proper it would have been that Members would have expressed these views when the Bill for language would have been presented. May I submit, Madam, that the nucleus of education in every country depends upon four pillars—teachers, taught, medium of instruction and the place of instruction. I would humbly submit about the plight of these four pillars in our country at present.

Madam, ours is a country where 500 million people live and it is a matter of surprise that 50 per cent. of them are below 18 years of age. It has been rightly said that it is a land of youth. It is a land where the fate of the country will be shaped in her class-rooms. Madam, the number of teachers in our country is 2 millions. And what is the fate of these teachers? Prof. Humayun Kabir has rightly said of such a teacher. I quote:—

> "It is this rejected, the misfit and the disappointed who often crowd this profession and stay there against their will because they have nowhere else to go".

He is an object of disregard in the society. The same Professor says:—

> "Teacher—is the symptom of disregard because our society tends to measure everything in material terms."

Now, the second pillar of education is the student. Madam, the number of students in our country at present is 70 millions and within a twenty-year time it will rise to 170 millions which is the population of Europe at present. Madam, the position of students in our country is that of indiscipline, frustration, lack of amenities. We have to shape our education policy keeping in view all these factors.

Madam, our third pillar is the school. We have 50,000 institutions in our country, and everybody knows that every school of ours, particularly with primary classes, is ill-fed, ill-equipped, with no playground and no accommodation. Generally we have only one teacher to teach the whole class during the day.

The fourth pillar, Madam, is the medium of instruction, the language. If there is any controversy at present in our country, it is over the medium of instruction. In this context we have to see the policy that we are going to frame so that we can base our education on that. That is, the policy, that we are going to frame for our education should be in accordance with our life with our needs and with the aspirations of the people. And

[Shri Ghulam Nabi Untoo.]

the goals we have to achieve through this education is production, social and economic development and thirdly building up the character of the country through education. Therefore, Madam, we have to see how we can achieve these goals. The first and the fundamental thing that we must have in the country to achieve every goal, and particularly that of education, is that we must have very competent, very capable, austere and dedicated leadership. Madam, the present situation in our country is that more than 70 per cent of the population is below 35 years of age. Therefore, we have to see that such leadership develops in the country which will truly inspire those younger people. We have to frame such a policy that in the Education Department, in the country, in the Government and in the public institutions like the legislature and the Parliament, will give such an inspiration to the people and people representing them should be able to express those aspirations of the people. It will be difficult to implement all the recommendations that the Education Commission has given us in its very valuable and illuminating report. For that what we require is money. And that money cannot come unless we steer our education policy to the first thing, namely, production. Madam, our country being an agricultural country, we have to consider as to how we can improve our agriculture and how we can utilise our education for better and more production. Madam, for that, we have to lay every emphasis or even the sole emphasis on such colleges and such research that have a bearing on agriculture. That is the only way by which we can implement the true spirit of this education policy and we can have more money so that the other aspects of the policy can also be truly implemented. Madam, we have to build up the most important pillar for implementing the education policy, that is, the teacher. I have just now spoken about the fate of the teacher at present. Therefore, while implementing the education policy, we should be conscious of the fact that we cannot achieve the results envisaged by the Education Commission unless we create an atmosphere for our teacher in which his status in the soicety is such as it was 50 years ago, when the teacher was respected as a *guru*. This cannot be done unless we provide him all material facilities and make him a privileged class of the socity so that the talent of the country is attached to this profession. If we do not provide adequate facilities to the teachers—and this to my mind appears to be the most frustrating element of our society—we will not be able to achive better results by implementing the education policy.

The third important aspect of this education policy is language. As far as language is concerned, we should not take up an attitude of imposition, because ours is a country where various languages are being spoken. We should allow every language of every region to develop and stand on its own legs. We should protect and encourage every language in our country so that a time will come when all the languages will co-exist and a better and superior language will come out which can claim to dominate the entire national scene. We should not impose any restriction of time. It is not by shifting from one language to another that we can achieve better results. As far as the present situation is concerned, Madam, in Northern India Hindi is being spoken everywhere and next comes Urdu. So Government should see that Urdu gets its proper status in Northern India next to Hindi. As far as the educational institutions, particularly the universities, are concerned, I would humbly submit to the Education Minister that a policy of granting autonomy to these institutions should be followed and the executive should have no hand in them.

Then as far as the neighbourhood schools are concerned, I would submit that it is not out of some privilege that our public schools are existing. Our Government schools are so ill-equipped and so ill-staffed that people

are forced to create such schools where better education can be given to the students. Unless we develop all our Government schools to a level where better education canbe given, there should be no obligation on the citizens of the country that they should send their boys to the neighbourhood schools. Thanks you.

SHRI P. C. MITRA (Bihar): Madam Deputy Chairman, we are experimenting with education for several years. This is another report that has come and we are going to try to make another experiment. Actually I feel that we are having more or less an academic discussion because the Union Government has very little power over the States to enforce their own system. Now also, I know that there is no uniform standard or curriculum of education. In certain States, English has become optional. In certain States, students who have failed in English are being promoted. Thus, thre is no uniform system of education all over the country. I find that this report of the Committee has tried to give their own recommendations after going through the Education Commission Report. In this report, they have said that they could not accept only three major recommendations of the Education Commission. But I find that there is a very important omission here. On page 198 of the Education Commission Report, there is a clear and emphatic assertion that Hindi shall be the link language of India and so every student must have a working knowledge of Hindi. But in the whole report of this Committee, there is nothing mentioned about that. Practically we are only for compromise and to somehow pull on without any foresight about the future. I am not a protagonist of English but you must have a link language so that people of one State can have some means of communication with others. Now practically you are downgrading English but you are not replacing it with anything. You may say that when you want to build a house in place of an old tottering house, you have to demolish the old house but everywhere that theory should not be practised. I think the Members of this Committee have tried to come to an understanding among themselves any how. That is called escapism. They want to escape the real problem. The real problem is the link language. If you are doing away with English, all right, but put something instead; but you have not the courage to say that every student must have at least a working knowledge of Hindi and that must be enforced. I think the three-language formula was a far better formula than this formula of one or two language formula. This is the result. The other one was a better formula and every state Government, somehow, has been trying to follow it though it is correct that in some States. There is no compulsion that people should pass in that subject— it was so far correct—but they were learning Hindi. The subject was there in the curriculum but there if we follow the recommendations of this Committee, then there will be, in the non-Hindi-speaking States, hardly any student going to learn Hindi and the result will be that in the non-Hindi-speaking States, English and the regional language will be there and in the Hindi-speaking States only Hindi will be there, nothing more. You say one other language you have to learn but it may be Sanskrit. The student will find it easier to learn Sanskrit to get better marks. To increase the aggregate of marks they will learn Sanskrit as upto the tenth class you are enforcing practically two languages. So we are following a hesitating policy in every matter and because some person or some State might get angry and so we are trying to appease by saying: 'You learn your mother-tongue and any other language, not necessarily Hindi.' This is nothing but escapism and we should not follow this procedure. In the matteer of laws that we pass, we do

[Shri P. C. Mitra.]

not always pass the laws by consensus. There are many people who oppose a particular measure but democracy means rule of the majority and we adopt those measures. Therefore the rule of the majority must prevail in education also but at the same time we must be reasonable.

There is some grumbling in some States, particularly among minorities in each State that they are to learn four languages. What is the harm if people learn more languages? Suppose a minority in Bihar has to learn Bengali, Hindi and English and Sanskrit also—and many learn Sanskrit—where is the harm? I do not think any knowledge that a community may have to acquire is a thing to be grumbled at. The South people object to Hindi by saying 'We are forced to learn Hindi whereas people of the North are not forced to learn any South Indian language' but where is the harm? Are the South people behind the people of the North? In every competition the South people are coming out in more numbers. As they are learning Hindi they have to learn more languages but they are not behind in the services. Everything is for the 5 per cent of the people in the services. The masses of people do not grudge learning Hindi and they have no affection for English but it is only for a quota in the Central Services that all this trouble has arisen.

The Education Commission Report is better. They say that everybody learn Hindi and they should also have some knowledge of English and only if they want Central Services, then only more knowledge of Hindi or some special knowledge of English is necessary. In substance they want working knowledge of English and Hindi a student must have. For any higher studies or services, a student may have special knowledge of Hindi or English but here we are going far behind and actually we are not going to serve the society or posterity by following this procedure of mother-tongue and any other language formula. The first objective mentioned in the report is:

> "make the rising generation conscious of the fundamental unity of the country in the midst of her rich diversity, proud of her cultural heritage and confident of her great future."

How is it possible when there cannot be any media of communication between the different States? How can there be this unity in diversity, I fail to understand. Language is the main criterion and it is the basic thing that is necessary for unity. Though we may condemn English but English actually has unified India. We were made first to learn English and some persons, some percentage of people may be 2 or 3 per cent, were forced to learn it and so the basic united approach was there. Now we are actually going in the reverse direction. The result will be suicidal for the country and there will be complete disintegration out of it.

1 P.M.

श्री श्रीकृष्णदत्त पालीवाल (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदया, आपकी कृपा से इस सत्र भर में पहली बार मुझे बोलने का मौका मिला है, इसलिये मैं आपका अत्यन्त आभारी हूं। समयाभाव के कारण मैं केवल एक या दो बातों की ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा। पहली बात सम्पर्क भाषा की है। सम्पर्क भाषा पर अपने विचार प्रकट करने से पहले मैं भाषाओं के संबंध में अपनी स्थिति साफ कर देना चाहता हूं। संसार भर मे ऐसी कोई भाषा नही, जिससे मैं घृणा करता हूं। हमारे राष्ट्र के पिता के शब्दकोष में घृणा जैसी तो कोई चीज थी नही। अपने देश की तो सभी भाषाओं से मैं प्रेम करता हूं, सभी भाषाओं का विकास चाहता हूं और जो मुझे जानते हैं, उन्हें यह भी मालूम है कि उत्तर प्रदेश

में उर्दू को उसका समुचित स्थान दिये जाने के पक्ष में मैंने हमेशा अपनी आवाज़ उठाई है। लेकिन जब मैं यह कहता हूं कि मैं सब भाषाओं से प्रेम करता हूं, तब मैं यह भी कहता हूं कि मैं इस बात के विरुद्ध हूं कि किसी भी प्रदेश पर उस प्रदेश के निवासियों की सहमति के बिना हिन्दी को लादने का प्रयास किया जाये। किसी भी भाषा को दूसरे भाषा-भाषी प्रदेश पर लादने के मैं विरुद्ध हूं। जब मैं यह कहता हूं तो उसके मानी यह भी होते हैं कि जो प्रदेश यह नहीं चाहता कि अंग्रेज़ी उन पर लादी जाये, उन प्रदेशों पर अंग्रेज़ी लादने का भी मैं विरोधी हूं। हिन्दी इम्पीरियलिज्म बुरा है, लेकिन उसके मानी यह नहीं है कि इंग्लिश इम्पीरियलिज्म अच्छा है। हिन्दी फैनेटिसिज्म बुरा है, लेकिन उसके मानी यह नहीं हैं कि अंग्रेजी फैनेटिसिज्म अच्छा है या हिन्दी के विरोध का फैनेटिसिज्म अच्छा है।

सम्पर्क भाषा के संबंध में विचार करते समय हमें केवल दो बातों पर ध्यान देना चाहिये। पहली बात यह कि सम्पर्क भाषा के मानी क्या हैं, सम्पर्क भाषा से हमारा मतलब क्या है और दूसरी बात यह है कि सम्पर्क भाषा की कसौटी क्या होनी चाहिये। सम्पर्क भाषा के आमतौर पर दो माने लिये जाते हैं। एक मानी तो ये लगाये जाते हैं कि देश में जितने प्रदेश हैं, उन प्रदेशों की राज्य सरकारों के बीच विचार विनिमय करने की जो भाषा हो, वह सम्पर्क भाषा है। अगर ऐसा है तो मैं यह मानता हूं कि अंग्रेज़ी सम्पर्क भाषा का काम कर सकती है, राज्यों में आपस में विचार-विनिमय करने का, लेकिन अगर सम्पर्क भाषा के मानी यह हैं कि देश में जो जनता रहती है, पचास करोड़ या पचास करोड़ से ज्यादा, उसका आपस में सम्पर्क बना रहे और कोई ऐसी भाषा हो, जिसको कि जनता समझती है, जिस भाषा का सहारा लेकर वह एक दूसरे से अपने विचारों को प्रकट कर सकती है, तो हमें यह देखना होगा कि अंग्रेज़ी इस आवश्यकता को पूरी कर सकती है या नहीं कर सकती है। ज़ाहिर है कि अभी हज़ार वर्ष तक अंग्रेज़ी इस आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकती कभी पूरा नहीं कर सकती। वह समूचे भारत की जनता की भाषा नहीं हो सकती। ऐसी भाषा जो सम्पर्क भाषा हो वह तो हमारे देश की ही कोई भाषा होगी। सम्पर्क भाषा के मेरी मानी यह है कि वह भाषा ऐसी होनी चाहिये, जिसमें जनता आपस में आसानी से एक दूसरे के विचार समझ सकें और व्यक्त कर सके। यह भी ज़ाहिर है कि हिन्दी इस मानी में एक ऐसी भाषा है जो देश की आधे के करीब जनता की मातृ-भाषा है और उसमें एक बात यह भी है कि जो हिन्दी प्रान्तों के गरीब लोग देश भर के हर एक प्रदेश में जाकर काम करते हैं वे हिन्दी भाषा का प्रचार उस प्रदेश में भी करते हैं और इस दृष्टि से अगर हम देखें तो चाहे मद्रास हो, चाहे कलकत्ता हो, चाहे बम्बई हो, चाहे काश्मीर हो, वहां आपको गरीब लोगों में, आम जनता में हिन्दी बोलने वाले और हिन्दी समझने वाले मिल जायेंगे। इस दृष्टि से हिन्दी सम्पर्क भाषा हो सकती है और कोई दूसरी भाषा सम्पर्क भाषा नहीं हो सकती। मैं यह मानता हूं कि जब तक हिन्दी समृद्ध न हो जाये, वह इस योग्य न हो जाये कि सम्पर्क भाषा का काम कर सके, उसका पूरा विकास न हो जाये, तब तक उसको सम्पर्क भाषा के रूप में बनाने में कठिनाइयां पड़ेंगी, लेकिन मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे दक्षिण में भी बहुत से भाई यह मानते हैं कि हिन्दी सीखने में कोई कठिनाई नहीं है। अभी अभी भोपाल में मैसूर के मुख्य मंत्री महोदय का भाषण हुआ और उन्होंने उस भाषण में यह कहा था कि 15 वर्ष के अन्दर हम हिन्दी में इतने निष्णात हो जायेंगे कि उत्तर वालों को मात दे देंगे। मैं मानता हूं कि

[श्री कृष्ण दत्त पालीवाल]

उनका यह बात नहीं है। हमारे दक्षिण के भाई चाहे तो थोड़ा सा अभ्यास करके जैसे वे और बातों में आगे बढ़े हुये हैं वैसे ही हिन्दी में भी हमसे आगे बढ़ सकते हैं। इस तरह का कोई कठिनाई नहीं है। इसके अलावा मुझे इस बात की खुशी है कि यहां इसी सदन में मेरे मित्र रत्नास्वामी जी ने यह कहा कि हिन्दी का विकास करके उसको समृद्ध करके, हिन्दी को सम्पर्क भाषा बनाया जा सकता है। तो मैं यह चाहता हूं कि हम सब लोग मिल करके और खास तौर पर हमारी सरकार और अपने शिक्षा मंत्री जी, से मैं यह कहता हूं कि इस बात का शक्ति भर प्रयत्न किया जाय कि ज्यादा से ज्यादा दस वर्ष के अन्दर हिन्दी इतनी समृद्ध और समर्थ हो जाये कि बिना किसी अपवाद के सर्वसम्मति से वह देश की सम्पर्क भाषा बन सके। दस वर्ष तक वैसे तो मैसूर के मुख्य मंत्री महोदय ने कहा था कि हम पन्द्रह वर्ष में हिन्दी में निष्णात हो सकते हैं। मैं उनको याद दिलाऊंगा आपके द्वारा कि पन्द्रह वर्ष से ज्यादा हो गये हैं, लेकिन अभी तक तो हमने हिन्दी को सिखाना भी अच्छी तरह से शुरू नहीं किया, इस बात के बावजूद कि राष्ट्रभाषा के प्रचार के लिये महात्मा गांधी बराबर प्रयत्न करते रहे।

हिन्दी के विरोध के संबंध में मैं इतना कह दूं कि यह आश्चर्य की बात है कि स्वतन्त्रता से पहले अहिंदी भाषी प्रदेश के नेताओं ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में मानने की बात कही। महात्मा गांधी हिन्दी भाषी प्रदेश के नहीं थे, गुजरात के थे, लोकमान्य तिलक हिन्दी भाषी प्रदेश के नहीं थे, महाराष्ट्र के थे, देशबन्धु दास, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस हिन्दी भाषी प्रदेश के नहीं थे, बंगाल के थे। तो इस से स्वतन्त्रता से पहले तो सभी इस बात से सहमत थे कि हिन्दी राष्ट्रभाषा हो, सम्पर्क भाषा भी हो। जब विधान निर्मात्री सभा बैठी थी, तब भी हिन्दी का विरोध बहुत कम था। यह भी मैं मान लेता हूं कि हम हिन्दी के प्रेमियों, हिन्दी को लोगों पर लादने की जो जल्दी थी और जिस तरह से हिन्दी का विकास किया, जिस तरह को हिन्दी बनाई, जैसा कि मेरे मित्र विनायक सिंह जी ने कल कहा, उससे हिन्दी के प्रति विरोध की भावना पैदा हुई है। वह प्रतिक्रिया हुई है और प्रतिक्रिया स्वरूप उसका विरोध हो रहा है, यह मैं माने लेता हूं, लेकिन साथ ही मुझे यह कहना है कि एक्शन एण्ड रिएक्शन आर ईक्वल एण्ड अपोजिट, जैसे हिंदी के अति प्रेम से हिन्दी के विरोध की भावना पैदा हुई, उसी तरह से हिन्दी के अंध विरोध से, अति विरोध से दूसरी भावना पैदा हो सकती है जो देश के लिये कभी भी अच्छी नहीं हो सकता है। इसलिये मेरा कहना यह है कि जैसाकि इस रिपोर्ट में भी कहा गया है मांग की है और अभी मेरे मित्र मिश्रा जी ने उससे पढ़कर सुनाया भी, उसे देखते हुये हमें यह कोशिश सर्वसम्मति से करनी चाहिये अब भी कि दस वर्ष की अवधि हो, पन्द्रह वर्ष की हो, पन्द्रह वर्ष तक हम प्रतीक्षा कर चुके हैं राष्ट्र की एकता के नाम पर और अहिंदी प्रदेश की भाषाओं के प्रति भावनाओं का आदर करने के लिये, हम दस वर्ष और ठहर सकते हैं, पन्द्रह वर्ष और ठहर सकते हैं, लेकिन कोई अवधि निश्चित हो जानी चाहिये और उसके बाद सर्व सम्मति से हिन्दी को सम्पर्क भाषा मान लेना चाहिये।

लेकिन कोई अवधि निश्चित होनी चाहिये और उसके बाद सर्वसम्मत मत से हिन्दी को सम्पर्क भाषा मान लिया जाना चाहिये।

दूसरी बात, जिसकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह है कि जो रिपोर्ट मेरे पास है शिक्षा आयोग की, उस के 60 पृष्ठ पर से पार्लियामेंट के मेम्बरों की जो कमेटी बनाई गई थी, उसकी शिक्षा

संबंधी राष्ट्रीय नीति पर रिपोर्ट शुरू होती है । (*Time bell rings*) मै एक मिनट में समाप्त कर दूंगा । उस मे 161 पेज में शिक्षा संबंधी राष्ट्रीय नीति के बारे में वर्णन किया गया है । उस राष्ट्रीय नीति मे चार बातों के संबंध में हाइयेस्ट प्रायोरिटी दी गई है । मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर इन बातों को सच्चाई के साथ कार्यान्वित किया जाये तो भारत को एक मज़बूत आधारशिला बन सकती है ।

इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

श्री बी० एन० मंडल (बिहार) : उपसभापति महोदया, आज करीब 20 वर्षों से देश मे एक तरह से किंकर्त्तव्य-विमूढ़ता चली आ रही है । यह किंकर्त्तव्य-विमूढ़ता सिर्फ भाषा के क्षेत्र मे ही नही है, बल्कि दूसरे देशों में भी है । यह क्यों है ? इसका कारण है कि आज देश मे जनतंत्र है, लेकिन देश मे गरीब और अमीर दोनों है और बड़ी जाति और छोटी जाति, दोनों तरह के लोग है और देश का नेतृत्व बड़ी जाति के अमीर लोगों के हाथों मे है । जनतन्त्र मे जो उनको करना चाहिये, वह उनके स्वार्थ के खिलाफ पड़ता है, इसलिये उसको नही करना चाहते है । इसीलिये देश मे आज किंकर्त्तव्य-विमूढ़ता है । इसी के साथ भाषा का सवाल भी जुड़ा हुआ है । इसलिये मैं चाहूंगा कि यह भाषा का जो सवाल है, वह जल्द से जल्द इस देश के हक मे हल हो जाना चाहिये ।

इस सवाल को हल करने का केवल एक ही रास्ता है और वह रास्ता यह है कि जो प्रान्त है, जो राज्य का क्षेत्र है, उसकी जो जो भाषा है उसी भाषा मे शिक्षा तथा राजकाज चलना चाहिये । लेकिन सारे देश के लिये, राष्ट्रीय पैमाने पर एक सम्पर्क भाषा अवश्य होनी चाहिये, जिससे सारे देश का कामकाज अच्छी तरह से चल सके । इस तरह की कौनसी भाषा होनी चाहिये, उसके लिये कोई राय देने की जरूरत नही है । स्वतंत्रता संग्राम के चलाने वालों ने इस देश को स्वतन्त्र करने वालों ने, जिन लोगों ने शुरू में प्रयास किया था, उन लोगों ने उसी समय कह दिया था कि यहां की भाषा क्या होगी, जिस भाषा से राष्ट्रीय कामकाज चलेगा । जिस भाषा के बारे में उन्होंने कहा था वह भाषा हिन्दी थी, इस बात को उन लोगों ने उस समय मान लिया था । इसलिये हिन्दी को इस देश में राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिये आज हिन्दी के खिलाफ जो कुछ बाते हो रही है, उस विरोध का यह कारण नहीं है कि अंग्रेजी की जगह हिन्दी को सीखने के लिये लोगों को कठिनाई होगी । इसका कोई दूसरा ही कारण है और वह कारण यह है कि इस देश में कुछ लोग ऐसे हैं, जो इस देश में समाजवाद की नीति को नहीं लागू करना चाहते है । वे ही लोग आर्थिक क्षेत्र में भी समाजवाद के विरोधी है । इस तरह के जो लोग है, उनकी यह नीति है कि सास्कृतिक क्षेत्र में कोई ऐसी बात नही लानी चाहिये जिससे देश मे समानता कायम हो सके । वे चाहते है कि जो भाषा देश की जनता मे सम्पर्क कायम कर सकती है, ऐसी भाषा को पनपने नही देना चाहिये । इसलिये मेरा कहना है कि यह जो लडाई चल रही है कि हिन्दी हो या न हो, अंग्रेजी रहे या न रहे, इस तरह की लड़ाई नकली और वास्तविक है । इस तरह की लड़ाई की परवाह किये बिना देश की एकता के लिये यह जरूरी है कि उसकी एक भाषा हो और वह भाषा हिन्दी ही हो सकती है, जिसको राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर ही देना चाहिये । शिक्षा के माध्यम मे जो ऊंची शिक्षा है उसमे भी हिन्दी को लागू कर देना चाहिये । अगर हिन्दी को शिक्षा का माध्यम नहीं

[श्री बी० एन० मंडल]

नाया जायेगा, तो इसका मनलब यह होगा कि देश खंडित हो जायेगा। अगर रीजनल लेंग्वेज के जरिये ऊपर स्तर की शिक्षा होगी तो राष्ट्रीय स्तर का काम चलाने में दिक्कत होगी। इसलिये मेरा निवेदन है कि ऊंचे स्तर पर एक राष्ट्रीय भाषा बहुत जरूरी है और उसमें हिन्दी को स्थान मिलना चाहिये, जिसको मैं उचित समझता हूं।

इसके अलावा पार्लियामेंट के मदस्यों की जो कमेटी बनाई गई थी, उस कमेटी की रिपोर्ट को हमने देखा है। एक जगह पर बैकवर्डनैस की परिभाषा के बारे में कहा गया है। उन लोगों ने बैकवर्डनैस की जो परिभाषा की है, उसमें जाति का आधार नहीं माना है। उसे जातीय आधार से उठा कर अब उसको आर्थिक आधार पर ले जाना चाहते हैं। रिपोर्ट में आर्थिक के साथ साथ सामाजिक आधार भी कहा गया है। जो जातीय आधार है, वह तो सामाजिक आधार है ही। इसलिये अब जो कहा जाता है, वह वास्तव में आर्थिक आधार कहा जा रहा है। इस तरह का जो सुझाव है, वह बहुत ही प्रपंचपूर्ण और नुकसानदेह है। वह देश को तोड़ने वाला सुझाव है। जो हमारा संविधान है, उसमें देश की एकता के लिये यह बात कही गई है। उसमें कहा गया है कि जो नीचे समाज के लोग हैं उनको दूसरों के साथ समान स्तर पर लाने का काम किया जाना चाहिये। इस काम को करने के लिये जातीय आधार रखा गया है जिनको बड़ी जातियों ने अभी तक दबाया है। जिनका नैतिक स्तर, सामाजिक स्तर और आर्थिक स्तर गिरा हुआ है उनको खास रियायत देकर एक स्तर पर लाने की कोशिश की जानी चाहिये। इस तरह से बैकवर्डनैस को दूर करने के लिये जातीय आधार रखा गया था। लेकिन जो लोग आज उसको आर्थिक आधार पर रखना चाहते हैं, वे उनको आगे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं। वे लोग कहते है कि इस तरह की जो उनकी इच्छा है, वह देश के हित में है, लेकिन मैं इस बात को गलत मानता हूं।

हिन्दी भाषा में जो शब्द अंग्रेजी के, फारसी के, अरबी के आ गये हैं, उनको इसमें ले लेना चाहिये। लेकिन इसके साथ ही साथ जो दक्षिणी भाषाओं के प्रचलित शब्द है, जो दिन-रात काम में आते है, ऐसे शब्दों का भी संज्ञा के रूप में और क्रिया के रूप में हिन्दी भाषा में समावेश कर लेना चाहिये। यह भी मेरा सुझाव है कि हिन्दी को क्लिष्ट संस्कृत शब्दों से कठिन बनाना हिन्दी के प्रति द्रोह है।

जहां तक कामन स्कूलों या नेबरहुड स्कूलों का सवाल है, अगर इसका मतलब यह है कि आज देश में जो बड़े-बड़े पब्लिक स्कूल है, जिनमें बड़े-बड़े लोगों के लड़के पढ़ते हैं, वे बंद हो जायेंगे तो मैं इस चीज का स्वागत करता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आप जिस तरह के नेबरहुड स्कूल खोलना चाहते है, उनमें सब को एक ही तरह की शिक्षा मिलनी चाहिये, एक ही तरह के शिक्षक उनमें होने चाहियें, एक ही तरह का खर्च उनमें होना चाहिये और एक ही तरह का वातावरण उनमें होना चाहिये। इस चीज का मै स्वागत करता हूं। हम यह भी देखते हैं कि जो आर्थिक शिक्षा की संस्थाएं हैं, इन संस्थाओं में बड़ी जाति के लोग पहले से ही उनमें भरे पड़े हुए है, वे वहां पर ऊंची से ऊंची जगहों पर भरे पड़े हुए है। इसी तरह से यूनिवर्सिटी कमिशन और जो दूसरी इंडिपेण्डेण्ट संस्थाएं हैं, इन संस्थाओं में भी बड़ी जाति के लोग भरे पड़े हुए है। शिक्षण संस्थाओं में जो छोटी जाति के लोग है, उनको प्रमोशन में, अपाइण्टमेंट में न्याय नहीं मिलता है और उनके साथ तरह तरह का अन्याय किया जाता है। सिर्फ इन शिक्षण संस्थाओं में ही छोटी जाति के लोगों के साथ

अन्याय नहीं किया जाता, बल्कि, विश्वविद्यालयों में जहां पर छोटी जाति के लड़के पढ़ते हैं, पिछड़ी जाति के लड़के पढ़ते है, अगर कोई ऐसा लड़का तीक्ष्ण बुद्धि का हो, तो जो बड़ी जात का प्रोफेसर होता है, वह इस तरह की कोशिश करता है कि वह लड़का आगे बढ़ने न पाये ताकि वह कम्पीटिशन में बड़ी जाति के लड़कों से बाजी न मार ले जाये। इस तरह की बात शिक्षा क्षेत्र में भी होती है। मैं शिक्षा मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो एजूकेशन का एडमिनिस्ट्रेशन होगा, उसमें इस बात का खयाल रखा जाय कि पिछड़ी जाति के लड़कों के साथ भेद भाव का बर्ताव न किया जाय। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस बात की इन्क्वायरी के लिए एक कमिशन हो, जो शिक्षण संस्थाओं में इस बात की जांच करे कि वहां पर जो पिछड़ी जाति के लड़के पढ़ते हैं या प्रोफेसर हैं, उनके साथ प्रमोशन में या वहां की तरक्की में किसी तरह का भेद-भाव न किया जाय और न उनको किसी तरह से दबाया जाय। उनके साथ वहां पर जो अन्याय होता है, उसकी पूरी जांच होनी चाहिये। इस तरह का मेरा सुझाव है।

PANDIT S. S. N. TANKHA (Uttar Pradesh Madam Deputy Chairman, the other day when the Education Minister introduced his motion for the acceptance of this House, he was pleased to observe:—

> "If this policy on education is approved by Parliament and by the Government, the question of language to my mind, which is just an instrument to implement this national policy, will be solved very easily"

With the greatest respect to the learned Honourable Minister, I beg to differ from him. I am of the view that unless the nation decides upon the place which it has to give to Hindi and to English in the teaching in schools, this Report can never be accepted by all the people with the same good will and zeal as it should otherwise have been. I entirely agree with the proposition that English cannot be the language of the nation for all time to come. While I agree with the proposition that a foreign language cannot take the place of the language of one's own country, I am, at the same time, not prepared to accept the proposition that time has come for us to give up the study of English in our schools. It is true that the language of one's own country has a much greater unifying and integrating force for its people, but in a country like ours, which has so many different, developed languages, with their rich literature and heritage and standing and which the peoples of those different parts of the country rightly cherish and admire and which they are loath to give up, it would not be right on our part to compel these people to give up those notions quickly, whether right or wrong. Therefore, to compel the people of any region to take to Hindi within a period of five or ten years will be a very wrong step on our part to take. We should, instead, try to persuade the people to take to a common language which can be easily understood and adopted with ease by the greatest mass of people in the country and that language, I am prepared to accept, can be no other than the Hindi language. Therefore, our aim should be to win over the people of the South to accept Hindi as the common language of the people of this country and it is on this basis that our Constitution has accepted Hindi as the official language of the Union. Instead of the method of persuasion, if we force a language . . .

